## खबर संक्षेप

### अवनी सोनी ने बढ़ाया जिले का मान



नारायणगंज। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणगंज (विज्ञान संकाय) की होनहार छात्रा अवनी सोनी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में 88.4% अंक अर्जित कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अवनी सोनी, श्री राजेश सोनी एवं श्रीमती नीरा सोनी की सुपुत्री हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें ढेरों बधाइयाँ दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन ने भी अवनी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद बताया है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान- माहिष्मती घाट में किया गया श्रमदान



मण्डला। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल पर जन अभियान परिषद म.प्र. शासन द्वारा नियुक्त राज्य सलाहकार श्री करण कौशिक के नेतृत्व में माहिष्मती घाट में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि जल के बिना हम न तो जीवित रह सकते हैं और न ही कोई जीवनरूपी रचना अस्तित्व में आ सकती है। इसके साथ ही, जल हमें स्वच्छता, संपन्नता और समृद्धि की ओर ले जाता है। यह समुद्रों, नदियों, झीलों और तालाबों के रूप में प्रकृति में विद्यमान है और हमें इसे बचाने और संरक्षित रखने की जरूरत है। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक संतोष झारिया द्वारा इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### पीर साहब का प्रगटोत्सव 12 को

मण्डला। 12 मई को श्री प्रमोद गुरु बाला पीर साहब का प्रगटोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। आयोजक समिति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंथ श्री हुजूर सदगुरू प्रमोद गुरू बाला पीर साहेब का प्राकट्य दिवस महंतबाड़ा बाला पीरधाम मण्डला में धूमधाम से मनाया जायेगा। यहां सोमवार को गुरु महिमा पाठ सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक होगा तो वही पूनम पाठ सुबह 8:40 से 9:40 बजे तक चलेगा। सात्विक चौका आरती दोप. 12 बजे से 1 बजे तक, भव्य शोभायात्रा दोपहर 3 बजे से पश्चात भोजन भंडारा आयोजित है।



# सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं: कलेक्टर

### समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**मण्डला।** जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग लगातार गिर रही है, यह चिंताजनक है। सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। उन्होंने अपर कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्टर आईडी में 775 से अधिक शिकायतें लम्बित हैं, यह शिकायतें जिन विभागों की हैं संबंधितों पर जुर्माने की कार्यवाही करें। पिछले माह की सीएम हेल्पलाइन की शिकायत निम्न गुणवत्ता के साथ बंद करने पर कुटीर उद्योग विभाग तथा शिकायतों के नॉन अटेंड होने पर घुघरी एसडीएम एवं एलडीएम मंडला पर भी जुर्माने की कार्यवाही करें। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिला परिवहन अधिकारी पर जुर्माना लगाएं। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में संतुष्टि का प्रतिशत संतोषजनक नही है, इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। पिछली समाधान ऑनलाईन की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री महोदय द्वारा शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसलिए शिकायतों का फॉलोअप लेते हुए संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग शिकायत निराकरण का प्रतिशत बढ़ाएं एवं आगामी 3 दिनों में इसे 80 प्रतिशत तक पहुँचाएं।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने रबी उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि खरीदी का कार्य पूर्ण हो चुका है, इसलिए उठाव करने पर फोकस करें। 48 घंटे के भीतर अनाज का परिवहन सुनिश्चित कराएं। यदि ठेकेदार द्वारा समय पर उठाव नहीं होता है तो नियमानुसार संबंधित पर जुर्माना की कार्यवाही करें। उन्होंने उपसंचालक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि बीते दिनों हुई अचानक बारिश में कितना अनाज भीगा इसकी जानकारी तैयार कर अवगत कराएं। समितियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि उपार्जन का भुगतान समय पर कराना सुनिश्चित करें। स्वीकृति के 90 प्रतिशत का भुगतान हर हाल में होना चाहिए। साथ ही स्वीकृति का प्रतिशत भी समांतर रूप से बढ़ाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जल संरचनाओं की सफाई के साथ-साथ नवीन खेत-तालाब तथा डगवेल के काम इस क्षेत्र में प्रमुखता से होते हैं इस पर विशेष फोकस करें। यह समय नवीन खेत-तालाब के लिए सबसे उपर्युक्त समय है। उन्होंने समस्त सीईओ जनपद को निर्देशित करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में अपने संभाग में जिले की रैंकिंग टॉप 3 में बनाए रखें। खाद्यान्न ईकेवाईसी के संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी जेएसओ अगले 7 दिवस में ईकेवाईसी का कार्य 95 प्रतिशत से ऊपर करना सुनिश्चित करें। नरवाई प्रबंधन के संबंध में कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि नरवाई के प्रत्येक प्रकरण में संबंधितों पर जुर्माने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। सीएम डैशबोर्ड के विषय में कलेक्टर ने कहा कि इसके सभी इंडीकेटर्स को ध्यानपूर्वक पढ़ें। वर्तमान में जिले की रैंकिंग 22वे नंबर पर है जबकि परसेप्शन में स्थिति चिंताजनक है। सभी विभाग प्रमुख ध्यान देकर सीएम डैशबोर्ड पर अपना स्कोर बेहतर करें। कलेक्टर ने उद्यानिकी, फोरेस्ट तथा जनपद पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी वर्षाकाल में हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना है इसके लिए सभी लोग शीडबॉल बनाएं। शीडबॉल में ऐसे बीजों को रखें जिनके पौधों को पशु नुकसान नहीं करते। शुरूआती बारिश की किसी एक तिथि को तय कर जिलेभर में शीडबॉल के माध्यम से पौधारोपण का कार्य किया जायेगा। समग्र ईकेवाईसी के संबंध में उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में समग्र का ईकेवाईसी किया जाना शेष है इसके लिए दैनिक आधार पर लक्ष्य तय करते हुए ईकेवाईसी कराया जाना सुनिश्चित करें। आवश्यकतानुसार आधार कैम्प भी लगाएं। बैठक में धरती आबा, जनधन खाते, लाईट कटौती, विद्युत लाईन मेंटेनेन्स, हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाएं, पेयजल की शिकायतें, ग्रामीणों द्वारा झिरिया आदि से पेयजल लाने की शिकायतें, नगरीय क्षेत्रों में नाली सफाई आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, समस्त एसडीएम सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चौगान में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया



**मण्डला।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मंडला जिले के चौगान ग्राम पंचायत में स्थित मढ़िया में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं प्याऊ का जल पीकर लोगों को स्वच्छ जल पीने का संदेश दिया। जिला प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में की गई पेयजल की सुविधा की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## आदित्य ने घुघरी क्षेत्र का नाम किया रोशन



घुघरी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा में मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। इसी कड़ी में जिले के घुघरी तहसील के शासकीय मॉडल हॉयर सेण्डरी स्कूल कक्षा दसवीं का छात्र आदित्य सिंह पिता दुर्गेश ठाकुर निवासी घुघरी ने 600 अंकों में से 422 अंक 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित माता पिता व घुघरी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार और परिवार जनों की ओर से छात्रा को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि श्रमजीवी पत्रकार परिषद के घुघरी तहसील अध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर के सुपुत्र आदित्य सिंह ने हाईस्कूल परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा नगर को गौरवान्वित किया है। आदित्य सिंह अपने पढ़ाई के प्रति हमेशा सक्रिय थे पढ़ाई के साथ-साथ उनका पेटिंग में भी काफी रूचि था वे सुबह शाम मात्र 2-2 घंटे पढ़ाई करते थे साथ ही अपने माता-पिता के कामकाजों में भी हाथ बांटाते थे लगन और मेहनत के चलते उन्होंने ये मुकाम हासिल की है। छात्र आदित्य सिंह का कहना है कि उन्हें एसपी बनना है जिसके लिए वे अपनी तैयारियों में जुट चुकें है उन्होंने अभी पहली सीढ़ी पार की है जिसके लिए पूरे घुघरी क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया गोंडी पैंटिंग प्रदर्शनी का उदघाटन

**मण्डला।** सोमवार को रामनगर में आदि उत्सव के समापन अवसर पर पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रसिद्ध मोतीमहल का भ्रमण किया। महल के भीतर लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे लोक नृत्य का आनंद लेने के बाद महल में लगाई गई गोंडी पैंटिंग प्रदर्शनी का उन्होंने उदघाटन कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोंडी पैंटिंग करने वाले चित्रकारों से बातचीत की और उनकी कला की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोंडी कला प्रदेष की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार इसे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे



कलाकारों द्वारा उत्कृष्ट स्तर की गोंडी पैंटिंग तैयार की जा रही है, इस तरह के प्रदर्शनी के माध्यम से इन्हें मंच प्रदान किया जाना आवश्यक है जिससे इसकी ख्याति देश-विदेश में पहुँचेगी। सरकार गोंडी कला को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में 55 आवेदकों ने प्रस्तुत किए आवेदन



**मण्डला।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुये उनके समुचित निराकरण की पहल की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल से संबंधित शिकायतें आमतौर पर आती हैं इसलिए संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करे कि क्षेत्र विशेष में समस्या की जानकारी मिलते ही तत्काल टीम भेजकर यथाशीघ्र समस्या का निराकरण सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार गर्मी में बिजली से संबंधित समस्याएं भी सामने आती रही हैं, इसलिए संबंधित अमला लगातार सक्रिय होकर अपनी भूमिका निभाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में 55 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, समस्त एसडीएम ने जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी।

# लाखों युवा ऑनलाईन मोबाइल सट्टा की जकड़ में



### पहले कमाए हजारों फिर ऐसी लगी लत की गवाएं

**मण्डला।** इन दिनों जिले भर में ऑनलाईन मोबाइल सट्टा का कारोबार तेजी से फैल रहा है इसकी चपेट में युवा वर्ग अधिक दिखाई दे रहा है ऑनलाईन सट्टा खेलने के लिए मोबाईल फोन में एप्प डाउनलोड करने के बाद इस गेम की सदस्यता लेते हुए इसे खेला जा सकता है। जिसके लालच में आकर युवा जमाधन पूंजी लूटाने के साथ कर्ज में भी दब रहे हैं। शुरूआत तौर पर सट्टा कंपनियां कई माह तक खेलने वाले को हजारों रूपए जीतकर देती है और युवा हजार से लाख रूपए तक कमा लेते हैं। जिससे युवाओं का रहन सहन सब बदल जाता है सुबह से लेकर देर रात तक इस गेम में युवा डूबकी लगाए रहते हैं। अपने साथियों को भी इस गेम के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं दूसरी ओर संचालित सट्टा कंपनियां जब देख लेती हैं कि संबंधित व्यक्ति इस गेम में पूरी तरह मसगूल हो चुका है तब कंपनियां इन्हें नुकसान पहुंचाना चालू करती हैं।

धीरे-धीरे कुछ दिनों में ही कम्पनियां लाखों रूपए निकलवा लेती हैं और युवा को पता ही नही चल पाता है हर दिन जीतने की आस उन्हें हर दिन बनी रहती है। जिसके चलते वे अपनी जमापूंजी के साथ कर्ज बाड़ी लेकर भी ऑनलाईन गेम खेलते रहते हैं। सूत्रों के अनुसार यह गोरख धंधा पूरे जिले भर में तेजी से फैला है। चैन माध्यम से संचालित यह गेम से कई घर बर्वाद हो गए हैं। लेकिन अब तक सरकारी तंत्र की निगाह इस फर्जीवाड़े में नहीं पड़ी है। वहीं सट्टे और जुए की लत लाखों लोगों को बर्बाद कर चुकी है। इसी ने दुनिया का सबसे बडा युद्ध महाभारत तक करा दिया था। अब यदि आपको ये पता चले कि सट्टा खेलना बहुत आसान हो गया है तो चौंकना स्वाभाविक है। एक तरफ हम अधिक शिक्षित और सफल हो रहे हैं तो दूसरी ओर सट्टे जैसे घटिया खेल को आसान बनाकर खेल रहे हैं। पहले तो कुछ लोग सट्टे का अवैध धंधा चलाते थे और भोले भाले अनपढ़ लोगों को इसके जाल में फंसाकर बर्बाद कर देते थे। अब तो अपने आपको पढ़ा लिखा बताने वाले लोग इंटरनेट के माध्यम से सट्टे का गंदा धंधा चला रहे हैं। इंटरनेट पर एक पूरा माफिया तंत्र सट्टे का कारोबार चला रहा है। साइबर सेल इनको पकडऩे में नाकाम है। जानकारी के मुताबिक सट्टा मटका ऑनलाइन एप, रायल सट्टा, कल्याण सटटा एप, सट्टा किंग जैसे दर्जनों एप इंटरनेट पर मौजूद हैं। इन एप के जरिए कोई कहीं से भी बैठकर सट्टा खेल सकता है। बिना मेहनत के अधिक पैसा कमाने की चाह रखने वालों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए एक सट्टा माफिया गिरोह सक्रिय हैं। इस गिरोह के तार गांव गली तक भी जुडऩे लगे हैं। ये गिरोह पुलिस की आंखों में धूल झोंककर अपने कारोबार को दिन दूना रात चौगुना फैला रहा है। साइबर सेल का कहना है कि लोगों को लालच देने वाले एप से बचकर रहें कहीं आपके कमाए हुए रुपए भी खत्म न हो जाए आपको खुद जागरूक होना पड़ेगा। पुलिस का कहना है कि आप इस तरह सावधानी रख सकते है। बच्चों को इस तरह के गेम के बारे में न बताएं अगर घर में कोई इसका आदि हो गया है तो उसे खेलने से मना करें पेमेंट मोड यानी पेटीएम, फोन पे, गूगल पे जैसे एप को लॉक करके रखें, किसी भी लिंक पर क्लिक करके एप को डाउनलोड न करें को लेकर जानकारी भी दी गई है। वहीं आईपीएल मैच शुरू हो चुके है और इसी के साथ इन मैचों पर लगने वाला करोड़ों का ऑनलाइन सट्टा परवान चढ़ चुका है। करोड़ों का सट्टा खिलाने वाले शहर के बड़े बुकियों के एजेंट्स नजर आने लगे हैं। पुलिस की नजरों से बचने बाहरी लोगों से शहर में ऑनलाइन सट्टे का कारोबार संचालित करवा रहे हैं। ऑनलाइन सट्टे का गढ़ कहे जाने वाला शहर का क्षेत्र है, बुकी वेबसाइट और एप के जरिए हर बाल पर हार-जीत के दांव लगवा रहे हैं। यूएई से सट्टा डूकषलक मिल रही है। डूकषलक का पावर एडवांस रकम देकर बुकी ले लेते हैं। महज 15 हजार रुपए में अपनी वेबसाइट बनाकर उसमें यूएई की डूकषलक शेयर कर देते हैं। अपना अलग प्लेटफॉर्म और एक्सचेंज बनाकर धड़ल्ले से क्रिकेट सट्टा चला रहे हैं। ऑनलाइन खेल के फेर में सटोरियों को दबोचना पुलिस के लिए भी मुश्किल हो रहा है।



पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए शातिर बुकीज ने सट्टा खिलाने का तरीका बदल लिया है। पूरा खेल हाइटेक होकर ऑनलाइन हो गया है। वेबसाइट, एप और मोबाइल पर चल रहे ऑनलाइन सट्टा बुकी कारों में बैठकर और घूम-घूम कर खिला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बड़े बुकी ने अपने अलग-अलग नाम से ऑनलाइन एक्सचेंज बना लिए हैं। इसकी वेबसाइट और एप का पासवर्ड अपने नीचे छोटे बुकी या प्लेयर(सट्टा खेलने वाले) को देते है। एडवांस रकम लेकर ऑनलाइन सट्टा खेलने की क्रेडिट देते है। मोबाइल पर आसानी से चल सकें इसलिए कम जीबी का एप-वेबसाइट बनाते हैं। सटोरियों ने हाईटेक जमाने में खुद को भी हाईटेक कर लिया है। अब फोन पर कॉल या मैसेज के बजाय ज्यादातर बुड्ढकषकग वाट्सएप या अन्य इंटरनेट मीडिया साइट्स से ले रहे हैं सट्टा खिलाने के लिए हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान**

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी भवन प्रथम तल, जिला मण्डला (म.प्र.)

प.क्र./एस.एस.ए./ईएण्ड.आर../2025/579 मंडला, दिनांक 06/05/2025

बालक छात्रावास पीपरपानी (मंडला) मे प्रतिनियुक्ति पर वार्डन पद हेतु विज्ञापन

जिले में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास पीपरपानी (मंडला) से 10 किलो मीटर की परिधि में आने वाली समस्त शासकीय प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक / मा. शिक्षक (पुरुष) को वार्डन का अतिरिक्त प्रभार देने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उक्त पद हेतु अर्हताऐं निम्नानुसार है:-

1. बालक छात्रावास से निकटतम (अधिकतम 10 किलो मीटर तक) प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक / माध्यमिक शिक्षक (पुरूष) को उनकी सहमति उपरांत वार्डन का अतिरिक्त प्रभार सौपा जाएगा। यदि प्रधानाध्यापक सहमत नही है तो उसी विद्यालय के अन्य शिक्षक या निकट के प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यपक / शिक्षक को वरिष्ठता के आधार पर वार्डन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जायेगा।

2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 19 मई 2025 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 2 बजे तक। तिथि

नोट:- आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, मण्डला से निःशुल्क प्राप्त किया जाकर पूर्णतः भरकर समस्त दस्तावेजों सहित उक्त कार्यालय में जमा करें। विस्तृत दिशा निर्देश एवं आवेदन पत्र कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

जिला परियोजना संचालक जिला शिक्षा केन्द्र, मण्डला

## खबर संक्षेप

### लू (तापघात) से जन-सामान्य के बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी

**डिंडौरी।** सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर ने आदेश जारी कर बताया कि प्रत्येक पंचायत भवन में लू से बचाव के उपायों से संबंधित प्रचार-प्रसार किया जाए। लू से प्रभावित होने पर प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक उपचार बॉक्स की पर्याप्त संख्या तथा पंचायत भवन में इसकी उचित स्थान सुनिश्चित की जाए। लू-तापघात जनित बीमारियों तथा पानी की कमी तथा बचाव हेतु उच्च जोखिम में स्थित नागरिकों को साफ पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है। मनरेगा तथा अन्य विकास योजनाओं के श्रमिकों का कार्य समय आवश्यकतानुसार एवं सुविधानुसार समय परिवर्तित की जाए तथा कार्यस्थल पर छाया एवं शीतल जल सुनिश्चित की जाए। श्रमिकों को लू से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध की जाए। उक्त जानकारी के लिए जिंगल्सध आडियो संदेश को प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से प्रसारित कर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें। लू से बचाव के लिए जरूरी सावधानियाँ दोपहर में बाहर निकलने से बचें, विशेष रूप से दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक घर के अंदर ही रहें। ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें, सूती कपड़े पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। पानी अधिक मात्रा में पिएं बार-बार पानी पिएं, भले ही प्यास न लगे। नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि भी फायदेमंद हैं। धूप में छाता या टोपी का इस्तेमाल करें, सिर को ढक कर रखें ताकि सीधी धूप से बचा जा सके। हल्का भोजन करें ज्यादा तला-भुना और मसालेदार भोजन से बचें। शरीर को ठंडा रखें, दिन में एक बार ठंडे पानी से स्नान करें या गीले कपड़े से शरीर पोंछें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, ये वर्ग लू के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। घरों को ठंडा बनाए रखें, खिड़कियों पर गीले पर्दे लगाएं, शाम के समय खिड़कियाँ खोल कर हवा आने दें। शारीरिक मेहनत वाले काम सुबह या शाम को करें, धूप के समय भारी कार्य से बचें। अगर लू लगने के लक्षण दिखें तो तुरंत इलाज कराएं, मरीज को ठंडी जगह ले जाएं, कपड़े ढीले करें और तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

### उचित मूल्य की दुकानों के संचालन हेतु 11 नए स्थान चिन्हित

**डिंडौरी।** सहायक आयुक्त सहकारिता कार्यालय डिंडोरी द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की दुकानों की कमी को देखते हुए जिले में अन्य संस्थाओं एवं समूहों को उचित मूल्य की दुकानें संचालित करने हेतु 11 स्थान चिन्हित किए गए हैं। बताया गया है कि बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत 8 और डिंडोरी जनपद पंचायत अंतर्गत 3 स्थानों पर उचित मूल्य की दुकानों की आवश्यकता है। चिन्हित दुकानों में बजाग जनपद में बजाग माल, बिलाईखार, अंगई, भानपुर, धुरकुटा, ठाड़पथरा, पण्डरीपानी, शीतलपानी और डिंडोरी जनपद में डाबबिछिया, कूडा, चटुवा शामिल है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि उचित मूल्य की दुकानें समय पर प्रारंभ हो सकें और आमजन को लाभ मिल सके।

### अनूपपुर पुलिस अधीक्षक का नवाचार, यात्री वाहनों के लिए जारी किए "स्मार्ट कार्ड"

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा नवाचार करते हुए जिले के यात्री वाहनों के लिए "स्मार्ट कार्ड" जारी किए गए। स्मार्ट कार्ड के ज़रिए अब अनूपपुर जिले की पुलिस डिजिटल रुप से यात्री वाहनों के दस्तावेजों की मॉनिटरिंग करेगी। स्मार्ट कार्ड से यात्री वाहनों की सम्पूर्ण जानकारी देखी जा सकेगी। स्मार्ट कार्ड लागू होने से यात्री वाहनों की चेकिंग में खर्च होने वाले समय को बचाया जा सकेगा और यात्रियों को होने वाली असुविधा से भी छुटकारा मिलेगा। यात्री वाहनों की डिजिटल मॉनिटरिंग हेतु "स्मार्ट कार्ड योजना"लागू करने वाला प्रथम जिला अनूपपुर होगा।

# छात्र रघुवीर सिंह गौतम ने प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान, डिंडौरी जिले का बढ़ाया मान



### डिंडौरी के रघुवीर सिंह गौतम ने प्रदेश की बोर्ड परीक्षा में मारी बाज़ी

डिंडौरी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 के परिणाम में डिंडौरी जिले के छात्र रघुवीर सिंह गौतम ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्र के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है।

रघुवीर सिंह गौतम उत्कृष्ट विद्यालय समनापुर में कृषि संकाय का छात्र है। वे समनापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जाताडोंगरी के निवासी हैं। उनके पिता झाम सिंह गौतम एक मेहनतकश किसान हैं और माता एक समर्पित गृहिणी। पारिवारिक सीमाओं के बावजूद रघुवीर ने परिश्रम और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया।

विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विकास खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकगण और अन्य स्टाफ सदस्यों ने रघुवीर का भव्य स्वागत किया। शिक्षकों ने छात्र की लगन और मेहनत की सराहना की।

रघुवीर ने कहा, "मैंने शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा से अध्ययन किया और मेरे माता-पिता ने मुझे हरसंभव सहयोग प्रदान किया। भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर देश-सेवा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि भविष्य में जिला कृषि अधिकारी बनने का लक्ष्य तय किया है।

### राइज स्कूल शहपुरा की छात्रा ने होम साइंस में किया जिला टॉप

**डिंडौरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणामों में डिण्डौरी जिले ने एक बार फिर प्रतिभा का परचम लहराया है। जिले के सीएम राइज स्कूल शहपुरा की होनहार छात्रा पूर्वी सोनी ने होम साइंस विषय में 500 में से 461 अंक अर्जित कर 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही पूर्वी ने जिले की प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करवा लिया है।



पूर्वी की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य यशवंत कुमार साहू सहित समस्त स्टाफ व छात्र समुदाय ने उन्हें बधाई दी है। विद्यालय परिवार ने पूर्वी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न सिर्फ विद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा स्रोत भी है।

पूर्वी सोनी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता विजयंत सोनी सीएम राइज स्कूल शहपुरा में प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं और मां ने हमेशा उन्हें आत्मबल और अनुशासन की सीख दी है।

पूर्वी ने बताया कि वह आगे चलकर डाइटिशियन बनना चाहती हैं और इसके लिए वह बीएससी डाइटिशियन की पढ़ाई करेंगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बेहतर करियर बनाकर वह समाज की सेवा करना चाहती हैं।

पूर्वी की सफलता न सिर्फ उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह जिले की उन छात्राओं के लिए प्रेरणा है, जो मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन के सहारे अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 73 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



डिंडौरी।

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विभागों से आए आमजन ने कुल 73 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से अधिकांश का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर मारव्या ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। इनमें सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, अनुकम्पा नियुक्ति, और तालाब निर्माण जैसी जरूरतें प्रमुख रहीं। विकासखंड बजाग के ग्राम पंचायत सुनियामार के पोषक ग्राम पचगांव के ग्रामवासियों ने बैगा टोला में पक्की सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में कच्ची सड़क की वजह से आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पडता है। कुमारी शिवानी परस्ते ने अपने परिजनों की शासकीय सेवा में मृत्यु के पश्चात अनुकम्पा नियुक्ति की मांग की। लक्ष्मी बाई ने बताया कि उनके पति स्व. प्रेमलाल यादव रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत थे, जिनका निधन हो गया है। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को तत्काल जाँच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत देवरा भर्रा टोला के निवासियों ने पाइपलाइन बिछाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की भारी किल्लत हो रही है। ग्राम घानाघाट के निवासियों ने आवेदन प्रस्तुत कर घानाघाट और कनईसांगवा नाले के पास शासकीय भूमि पर तालाब निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इससे मवेशियों के लिए पीने की पानी और जल संरक्षण में मदद मिलेगी। कलेक्टर मारव्या ने निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन केवल कागजी प्रक्रिया बनकर न रह जाएं, बल्कि इनका वास्तविक समाधान होना चाहिए। उन्होंने विभाग प्रमुखों को तय समय सीमा में जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# कलेक्टर ने दो बालिकाओं को दी प्रायोजन सहायता, प्रमाण पत्र भी किए वितरित



डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर नेहा मारव्या ने प्राप्त आवेदन के आधार पर मानवीय पहल करते हुए दो जरूरतमंद बालिकाओं कु सिलोचना सैयाम (10 वर्ष) और कंचन सैयाम (12 वर्ष) कु के लिए प्रायोजन सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला बाल संरक्षण इकाई को आदेशित किया कि दोनों बालिकाओं को एक वर्ष की अवधि तक स्पॉन्सरशिप योजना प्रतिमाह चार-चार हजार रुपए की एकमुश्त प्रायोजन सहायता दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर के आदेश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा दोनों बालिकाओं को योजना का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर मारव्या ने स्वयं दोनों बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका सिलोचना और कंचन सैयाम पिता गणपत सिंह सैयाम (दृष्टिबाधित) को शिक्षा, देखभाल और संरक्षण के लिए विशेष सहायता की आवश्यकता है, इसी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि दोनों बालिकाओं के नाम से बैंक खाता खोला जाए, जिसका संचालन उनके पिता गणपत सिंह सैयाम द्वारा किया जाएगा। इस सराहनीय पहल से इन दोनों बालिकाओं के भविष्य को संबल मिलेगी।

# भुवन ऋभु बने वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता



### हार्ड के साथ मिलकर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे प्रमुख भूमिका

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भुवन ऋभु अनूपपुर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के काम से करीब से जुड़े हैं जहां जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) का सहयोग व मार्गदर्शन कर रहा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) बाल अधिकारों की सुरक्षा के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी नागरिक समाज संगठन देश के 416 जिलों में काम कर रहे हैं। जिले को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने व 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) संस्था भुवन ऋभु के कानूनी व रणनीतिक दिशानिर्देशों पर अमल कर रहा है। प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) ने प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। भुवन ऋभु का मध्य प्रदेश और खास तौर से अनूपपुर, शहडोल, उमरिया से गहरा नाता रहा है जहां जेआरसी के सहयोगी के तौर होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी संगठन देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं। वर्ष 1963 में स्थापित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन दुनिया के विधिवेत्ताओं की सबसे पुरानी संस्था है जिसने न्याय के शासन की स्थापना में अपने योगदान के लिए विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला, रूथ बेडर गिन्सबर्ग, स्पेन के राजा फेलिप षष्टम, रेने कैसिन और कैरी कैनेडी जैसी ऐतिहासिक हस्तियों को सम्मानित किया है। डोमिनिकन रिपब्लिक में 4 से 6 मई के बीच हुए इस कार्यक्रम में दुनिया के 70 से ज़्यादा देशों से आए लगभग 1500 विधिवेत्ता और 300 से अधिक वक्ता शामिल हुए। इस मौके पर दुनिया की सबसे पुरानी ज्यूरिस्ट संस्था ने भुवन ऋभु को बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए दो दशकों से ज़्यादा समय से किए जा रहे उनके बेहतरीन काम- चाहे वो क़ानूनी लड़ाइयां हों या जमीनी जागरूकता- के लिए सम्मानित किया। डोमिनिकन रिपब्लिक के श्रम मंत्री एडी ओलिवारेज ऑर्तेगा और वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर क्रेमाडेस ने उन्हें 'मेडल ऑफ ऑनर' प्रदान किया। इस अवसर पर डोमिनिकन रिपब्लिक की महिला विभाग की मंत्री मायरा जिमेनेज भी उपस्थित थीं।

### नगर में सौंदर्यीकरण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में पहल

# मुख्य मार्ग के डिवाइडरों पर किया सघन वृक्षारोपण



डिंडौरी।

कलेक्टर के निर्देशन में नगर में पर्यावरण संरक्षण और शहर की सौंदर्य वृद्धि की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। नगर के मुख्य मार्गों के डिवाइडरों पर सघन वृक्षारोपण का कार्य नगर निकाय द्वारा प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत अब तक 150 से अधिक वृक्षों का रोपण किया जा चुका है, और यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा। नगर निकाय द्वारा वृक्षारोपण को केवल एक प्रशासनिक कार्य न बनाते हुए, आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत डिवाइडर पर लगाए गए प्रत्येक पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी सामने स्थित दुकानदारों को वृक्ष गोद योजना के तहत दी जा रही है। इससे स्थानीय व्यापारी और आमजन न केवल पर्यावरण की रक्षा में भागीदार बनेंगे, बल्कि पौधों की नियमित देखरेख और देखभाल भी सुनिश्चित होगी। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि लगाए गए पौधों का नियमित रूप से सिंचाई, कटाई-छंटाई, और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल शहर को हराभरा बनाएगी, बल्कि नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भी भाव उत्पन्न करेगी। वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य न केवल नगर की सुंदरता को बढ़ाना है, बल्कि शहरी क्षेत्र में हरित क्षेत्र को भी विस्तारित करना है, ताकि बढ़ते प्रदूषण और गर्मी से राहत मिल सके। नगर प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे वृक्षों की देखभाल को केवल नगर निकाय ने यह भी संकेत दिया है ।

# सेवा निवृत सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते को दी गई भावभीनी विदाई



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर में विदाई समारोह आयोजित कर 30 अप्रैल को सेवानिवृत हुए सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते को विदाई दी गई, विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर आगामी जीवन की सुख समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। सेवा निवृत्त सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते जी का का जन्म 15/04/1962 को ग्राम रहली जिला डिंडोरी में हुआ था अपने ग्रह ग्राम से हायर सेकेंडरी तक शिक्षा अर्जित कर सन 1988 को आप पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर शहडोल में पदस्थ हुए। जो सन 2003 तक शहडोल में पड़त रहकर 14 अगस्त 2003 को स्थानांतरण पर अनूपपुर आए। 29/09/2015 को आप प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति हुए तथा 8 9 2021 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए अपनी पदस्थापना के दौरान आपने थाना जैतहरी चचाई, भालूमाड़ा, कोतवाली ,कोतमा अजाक, अस्पताल चौकी एवं थाना यातायात में सेवाएं दी। आपके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए विभाग द्वारा आपको 90 बार इनाम देकर पुरस्कृत किया गया। 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर विभाग में 34 वर्ष 10 माह सेवा देकर 30अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे है। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय योग शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कृपाली नृत्य संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान शिविरार्थी बच्चों को नृत्य के साथ योग शिक्षा भी दी गई तथा नृत्य के साथ - साथ योग कर स्वास्थ्य रह सकतें है। संचालिका ममता पाठक द्वारा बताया गया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों को योग कराकर स्वास्थ्य रखा जाए तथा अभिभावकों को नृत्य को माध्यम से होने वाले योग की जानकारी देना था। कार्यक्रम का संचालन व आभार ममता पाठक द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर रजनी चैरसिया, इंजी. निशा सोनी, रेखा सिंह पटेल, भारती कौरव, शुभा पाठक, सुनीता सोनी, कविता पटेल, सविता लोधी सहित अन्य मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में आये 78 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में 6 मई को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 78 आवेदन आये।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 14 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत अब 14 मई को कृषि उपज मंडी गोटेगांव में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। पूर्व में यह सामूहिक विवाह सम्मेलन 11 मई को आयोजित किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर अब 14 मई 2025 को आयोजित किया जायेगा।

### पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु पुलिस द्वारा विशेष अभियान आपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना क्षेत्र स्टेशनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर आरोपी शिवम मेहरा उम्र लगभाग 22 साल निवासी खमतरा के कब्जे से एक लोहे की देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस रखे हुये मिला जो उक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया व आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 394/2025 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीवद्ध कर उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम जारी, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

# तीसरी बार प्रदेश में अव्वल रहा जिला

### कलेक्टर ने किया विद्यार्थियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परीणाम में जिले के होनेहार छात्र - छात्राओं ने एक फिर प्रदेश में जिले का परचम लहराते हुये गौरवांवित किया। ज्ञात हो कि बीते तीन वर्षो से जिला प्रदेश की प्रवीण्य सूची मे स्थान प्राप्त करता आ रहा है। छात्र - छात्राओं की सफलता पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा हेतु प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश देकर शिक्षकों से गंभीरता के साथ हरसंभ प्रयास कर सफलता दिलाने के लिए निर्देश दिए गए थे।

### प्रदेश मे मिला प्रथम स्थान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2024- 25 की घोषणा मंगलवार को की गई। मुख्यमंत्री ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में नरसिंहपुर जिले ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में अव्वल आने पर हार्दिक शुभकामनायें दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024- 25 में कक्षा 12 वीं में शासकीय स्कूलों में 91.9 प्रतिशत और कक्षा 10 वीं में शासकीय स्कूलों में 93.69 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है, जो मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान आया है। कक्षा 10 वीं में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 13.69 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं में 10.90 प्रतिशत बढ़ा है। कक्षा 12 वीं में 21 विद्यार्थियों और कक्षा 10 वीं में 7 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है।

### कलेक्टर ने किया सम्मानित

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों, और शिक्षकों को शुभकामनायें दी।





उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे माता-पिता, शिक्षकों और स्वयं के निरंतर प्रयासों का बहुत बड़ा योगदान है। कलेक्टर ने कहा कि जो विद्यार्थी सफल नहीं हो पाये हैं, वे निराश नहीं हों। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता, बस जरूरत होती है सही दिशा, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास की। परीक्षा मे सफल हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाए देते हुए कलेक्टर द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते बेहतर भविष्य निर्माण व देश की प्रगति मे अपना योगदान दें।

### प्रदेश मे सातवां व दसवा स्थान


शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा राजेश्वरी लोधी ने 500 में से 494 प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 7 वाँ स्थान प्राप्त किया तो वहीं छात्रा वत्सला श्रीवास्तव ने 500 में से 491 और छात्र रामकुमार सोनी ने 500 में से 491 अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10 वाँ स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है ये उक्त तीनों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थी है। कलेक्टर ने इनकी इस सफलता विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाई। उन्हें शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, प्राचार्य और विद्यार्थी मौजूद थे।

### रिद्धिमा गुप्ता की सफलता



जिले की होनहार छात्रा रिद्धिमा गुप्ता ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं की परीक्षा में सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल करते हुए अपने विद्यालय एवं परिजनों को गौरवान्वित किया है। हरि ओम विद्यापीठ हाई सेकेंडरी स्कूल मुंगवानी में अध्ययन छात्र रिद्धिमा ने 500 में से 490 अंक अर्जित कर 98 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। आप गोंगवरी टोला में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती रचना गुप्ता एवं व्यवसायी चंद्रकांत गुप्ता की सुपुत्री है। इस सफलता पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### चन्द्रकला सेन की सफलता



मंगलवार को जारी किए गए माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणाम में शासकीय पीएम श्री हायर सेंकेडरी स्कूल की छात्रा चंद्रकला सेन ने कक्षा बारहवीं वायो सांइस ग्रुप से 81 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की। चंद्रकला सेन माता सुनीता सेन पिता फूलसिंह सेन की सुपुत्री एवं पत्रकार हेमराज कलमकार की भांजी है। छात्रा की सफलता पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### दुर्गा का सुयश



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परीणाम में जिले की छात्रा दुर्गा बाई साहू कक्षा दसवीं की परीक्षा में स्वाध्यायी के रूप मे शामिल हुई थी जिन्होने सफलता हासिल कर परिवार जनों को गौरवांवित किया। दुर्गा ग्राम सनगापुर निवासी संतोष कुमार व संगीता बाई साहू की सुपुत्री है। छात्रा की सफलता पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## भाविप का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस भारत विकास परिषद् की दोनों शाखाओं का दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन स्थानीय चाणक्य विद्यापीठ परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इन्जी. सुनील कोठारी रीजनल अध्यक्ष भाविप, कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी सरदार सिंह पटेल प्रांतीय संरक्षक भाविप, एव विशिष्ट अतिथि के रूप में जे. के. शर्मा राष्ट्रीय सदस्य पर्यावरण की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी का पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात संगीत शिक्षक राजाराम जी ने अपनी सुमधुर आवाज में सरस्वती वंदना का गायन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी सदस्यों का मार्गदर्शन किया गया। तत्पश्चात निवर्तमान अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नव नियुक्त दायित्वधारी नरसिंहपुर शाखा अध्यक्ष उमेश दुबे, सचिव सोमराज कोरी, कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल एवं विवेकानंद शाखा अध्यक्ष एस के नेमा, सचिव आशीष नेमा, कोषाध्यक्ष डा. ब्रजेश पटेल व सभी कार्यकारिणी सदस्यों को प्रांतीय संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा ने शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम का संचालन आशीष नेमा ने एवं आभार प्रदर्शन सुनील चैहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती भारती कौरव रीजनल महिला बाल विकास प्रमुख, संजय तिवारी प्रांतीय अध्यक्ष , आशुतोष वर्मा प्रांतीय संस्कार प्रमुख, पंकज चैकसे प्रांतीय संपर्क प्रमुख की एपस्थिति रही।



## कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने नवीन सिविल अस्पताल करेली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, पोस्ट नेटल वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र को देखा गया। कलेक्टर ने अस्पताल की विभिन्न शाखाओं, जिसमें नेत्र रोग, शिशु रोग, दंत चिकित्सा का मुआयना किया। अस्पताल की साफ- सफाई, सुरक्षा, स्टोर, और संसाधनों की जानकारी बीएमओ डॉ. अदिति धुर्वे से ली। उन्होंने निर्देशित किया कि अनावश्यक सामान हटाया जाए और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति समय पर हो। मरीजों से संवाद के दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीज के परिजनों के अलावा और कोई अन्य व्यक्ति अटेंडर के रूप में मौजूद नहीं हो। एनआरसी में भर्ती बच्चों के परिजनों से चर्चा भी की। अस्पताल में गंदगी एवं गुटखा व तम्बाकू खाने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाये।गर्मी के मौसम के चलते पर्याप्त संख्या में कूलर लगवाने के लिए भी निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. एसएस ठाकुर, डॉ. विनय ठाकुर, सहित अन्य चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी कर्मचारी मौजूद थे।

## प्राचीन बावड़ी की हुई साफ- सफाई



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बालक प्राथमिक पाठशाला चीचली में बनी प्राचीन बावड़ी की साफ- सफाई की गई। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद के तत्वाधान में की गई। इस कार्य में नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति, नगर विकास समिति, वार्ड विकास समिति, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी एवं परामर्शदाताओं और आम नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी। इस दौरान लोगों को जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया। मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में प्राचीन बावड़ियों की साफ- सफाई का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में चीचली के बालक प्राथमिक शाला के परिसर में स्थित बावड़ी की साफ- सफाई का कार्य जारी है। यह बावड़ी वीरांगना महारानी दुर्गावती ने अश्व हस्तियुद्ध की स्मृति में 1550-1564 ई. में निर्मित कराई थी, जिसमें हाथी और घोड़े को युद्धस्त दिखाने वाले भित्ति चित्र भी उकेरे गये थे। श्री शर्मा ने इसके बारे में लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी धरोहरों को साफ- सफाई और जीर्णोद्धार करके सुरक्षित रखना चाहिये।





## आये दिन टूट कर गिर रही जर्जर केबिल लाइन से कभी भी घटित हो सकता है बड़ा हादसा

तेंदूखेड़ा।

इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था से हर वर्ग परेशान बना हुआ है। अघोषित कटौती और जर्जर केबिल लाइन में लगने वाली आग से उपभोक्ता परेशान बनें हुए हैं।इस संबंध में अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है लेकिन आज कल दिखवाता हूं वाले तकिया कलाम से ही काम चलाया जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम ईश्वरपुर की भी यही स्थिति बनी हुई है। जिसे लेकर यहां के प्रतिष्ठित सरपंच चौधरी चंद्रभूषण पटेल के द्वारा भी अधिकारियों को फोन पर अनेकों बार अवगत कराया फिर भी सुधार की दिशा में कोई उचित व्यवस्था नहीं हो पाई है।उनका कहना है कि आये दिन इस केबिल लाइन में आग लगने से जहां तहां टूट कर गिर जाती है ऐसी स्थिति में नीचे से लोगों की आवा-जाही और बच्चों का खेलना कूदना भी होता है। मवेशियों का बैठना खड़ा होना लगा रहता है।जली हुई लाइन ऊपर गिरने से दुर्घटना हादसों की अशंका बनीं रहती है।साथ ही गांव की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो जाती है।विशेष तौर पर हरिजन मुहल्ला में अंधेरा छाये रहने के साथ पेयजल आपूर्ति भी बाधित बनीं रहती है। शीघ्र सुधार की आवश्यकता है।

# तेंदूखेड़ा के नमन और प्रांजल प्रदेश की टॉप टेन सूची में

तेंदूखेड़ा ।

हाल ही में घोषित हुए हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा के परिणामों में तेंदूखेड़ा के दो छात्रों ने प्रदेश की टाप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराते हुए नगर और परिवार का नाम रोशन किया है। इनमें नमन अग्रवाल पिता श्री प्रदीप कोठारी ने कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की सूची में छटवां स्थान अर्जित किया है। वहीं कक्षा दसवीं की छात्रा प्रांजल शर्मा पिता श्री दर्शन शर्मा ने 98 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी अनुसार नमन अग्रवाल आगे एम बी ए या बीबीए की तैयारी में जुटे हुए हैं। तथा आई पी की परीक्षा देंगे। वहीं प्रांजल शर्मा आगे गणित विषय से आगे की पढ़ाई कर यूपीएससी की तैयारी करेगी।

### भामा हाईस्कूल रहा शत प्रतिशत

प्रति वर्ष शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने वाले हाईस्कूल भामा का इस वर्ष भी शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। यहां पर 57 छात्र बैठे थे। सभी उत्तीर्ण हुए इनमें 52 प्रथम तथा 5 छात्र द्वितीय रहें। विद्यालय की सीमा केवट ने सर्वाधिक 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।इसी तरह हाईस्कूल सर्रा का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा यहां पर कुल 15 छात्र छात्राएं बैठे थे सभी उत्तीर्ण हुए। मदनपुर में भी सभी 49 उत्तीर्ण हुए। मर्रावन हाईस्कूल में 20 छात्रों में 18 उत्तीर्ण हुए। बिल्थारी हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा दसवीं में 34 छात्रों में 22 उत्तीर्ण हुए वहीं कक्षा बारहवीं में 35 में से 30 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं।







### कन्या विद्यालय की गणित छात्रा को 100 में से 100अंक मिले

तेंदूखेड़ा की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा बारहवीं की छात्रा शिखा लोधी ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार कक्षा बारहवीं में कुल 142 छात्राओं में 131 प्रथम 10 द्वितीय 01 अनुत्तीर्ण रही। इनमें गणित विज्ञान संकाय में साक्षी विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा प्रथम कु शिखा पिता विनोद लोधी द्वितीय तथा शिवानी पिता रामसिंह पटेल तृतीय रही।इसी तरह से कला संकाय में साहिन बी प्रथम देवका लोधी द्वितीय और शीतल खंगार तृतीय रही। कक्षा दसवीं में 98 प्रतिशत रहा कुल 97छात्राओं में प्रथम 91 द्वितीय 06 छात्राएं रहीं।विगत वर्षों की अपेक्षा इस बार बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा का परीक्षा परिणाम काफी अच्छा रहा है। दसवीं का 75.70 प्रतिशत तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा है। निश्चित तौर पर विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद भी शिक्षकों और छात्रों का परिश्रम सराहनीय रहा।

### डोभी स्कूल का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले हायर सेकंडरी स्कूल डोभी का परीक्षा परिणाम भी अनुपातिक दृष्टि से लगभग उत्कृष्ट ही रहा है। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 98.38 प्रतिशत रहा। यहां दसवीं में कुल 62 छात्रों में 61 उत्तीर्ण 34 प्रथम 25 द्वितीय 02 तृतीय रहे। कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 93.75 प्रतिशत रहा। यहां पर 32 छात्रों में 30 उत्तीर्ण 13 प्रथम 16 द्वितीय और 01 तृतीय रहा।इसी तरह विकास खंड मुख्यालय पर संचालित उत्कृष्ट विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत रहा। यहां पर 83 छात्रों में 72 छात्र उत्तीर्ण हुए। तथा कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा।139 छात्रों में 128 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए इनमें 101 प्रथम तथा 27 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।